समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 10 September 2026

# महिला सम्मेलन मे छंात्र-छात्राओं की देशभक्ति प्रस्तुति

हरिओम

Published on 02 Feb 2026



हरिओम | रामगढ़ | समाचार वाणी न्यूज़

शहीद मेले के स्मृति मंच पर महिला सम्मेलन का भव्य एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में **उपजिलाधिकारी (एसडीएम) भोगांव श्रीमती संध्या शर्मा** मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके आगमन पर आयोजकों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

सम्मेलन के दौरान **एसडीएस चिल्ड्रन एकेडमी, मोटा रोड बेवर** एवं **अमर शहीद विद्यालय** के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया और उन्हें खूब सराहना मिली। पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल देशभक्ति और उत्साह से परिपूर्ण रहा।

महिला सम्मेलन के माध्यम से **नारी शक्ति, देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता** का सशक्त संदेश दिया गया। वक्ताओं ने महिलाओं की भूमिका, सामाजिक जिम्मेदारियों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को **प्रेरणादायक** बताते हुए इसकी सराहना की।

इस अवसर पर **कार्यक्रम संयोजक प्रियंका पांडे, गुंजन, प्रिया, सलोनी, शिफा, रेनू और सीमा** सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/हरिओम, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.